हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 15 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 21.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

15 भगवान जगतगुरु है, जो संपूर्ण जगत को शिक्षा प्रदान करते हैं



16 सुशासन का एक साल पूर्ण होने पर हुई किसान संगोष्ठी






# जिस गति से हो रही खरीदी उसी गति से हो धान का उठावः कावरे

## धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करने पहुंचे कमिश्नर कावरे ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रदेशव्यापी धान खरीदी के तहत जिले के सिमगा स्थित दामाखेड़ा धान उपार्जन केंद्र में रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे पहुंचे। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में धान बेचने पहुंचे किसानों से मुलाकात कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा जिस गति से खरीदी कार्य पूरी होती है ठीक उसी गति से उठाव भी करें। इस दौरान कमिश्नर ने धान खरीदी केंद्र प्रभारी से कहा कि किसान कड़ी मेहनत कर धान उत्पादन करता है। किसान की मेहनत का वाजिब दाम मिले और उनके काम का सम्मान हो, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केंद्र में छाया व बैठक व्यवस्था अनिवार्य रूप से बनाए रखें। श्री कावरे ने उपस्थित किसानों, फड़ प्रभारी, मजदूरों अन्य ग्रामवासीयों से बातचीत की बातचीत के दौरान ग्राम दामाखेड़ा निवासी कृषक मनमोहन साहू को टोकन तूहर हाथ मोबाइल ऐप के माध्यम से प्राप्त टोकन का भी अवलोकन किया। उपस्थित कृषक जितेंद्र साहू, ग्राम अड़बंधा द्वारा माइक्रो एटीएम के माध्यम से राशि का आहरण किया गया। उक्त निरीक्षण के दौरान एसडीएम सिमगा अंशुल वर्मा, तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा, खाद्य अधिकारी, नोडल अधिकारी साहू, डीएमओ एवं डीआरसीएस प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार शर्मा सहित संबंधित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



### जांच के दौरान धान की गुणवत्ता सही पाई गई

श्री कावरे ने निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी स्टॉक पंजी, बारदाना रजिस्टर, टोकन रजिस्टर की बारिकी से जांच की। इसके साथ ही ढेरी में लगाए हुए धान को पॉस मशीन के जरिये आर्द्रता को मापा गया। जांच के दौरान धान की गुणवत्ता सही पाई गई। इस दौरान कमिश्ननर ने धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## खबर संक्षेप

### झाड़ियों में मिली बाइक से एक लाख से ज्यादा का गांजा बरामद

**महासमुंद।** झाड़ी में खड़ी एक बाइक से एक लाख से ज्यादा का गांजा बरामद किया है। मामले में बागबाहरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। लोदेड़ नाला आदिवासी भवन के पीछे झुरमुट में थाना बागबाहरा में संदिग्ध हालत में पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 28 जे 4528 के होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बाइक के पीछे सीट में एक जूट की बोरी में भरा गांजा 8 किलो 85 ग्राम कीमत 1,21,275 रुपए को बरामद किया। पुलिस ने गांजा के अलावा बाइक कीमत 1,00,000 रुपए को भी जब्त किया है। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मेडिकल कॉलेज का डीएमई ने किया निरीक्षण

**महासमुंद।** संचालक चिकित्सा शिक्षा (डीएमई) डॉ. यूएस पैकरा ने शासकीय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। डीएमई ने नए मैडिकल कॉलेज भवन का भी जायजा लिया। उन्होंने नए भवन का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्तमान मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में आधुनिक मशीनें व सीटी स्कैन मशीन लगाने संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। चिकित्सा सेवा में विस्तार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मरीजों को समय पर बेहतर इलाज की सुविधा मिल सके। इस अवसर पर प्रभारी डीन अलख राम वर्मा व निखिल और मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक और स्टाफ मौजूद रहे।

### बीएससी प्रथम सेमेस्टर रसायनशास्त्र प्रायोगिक परीक्षा 16 एवं 17 को

**महासमुंद।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के आदेशानुसार शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में शिक्षा सत्र 2024-25 बीएससी (डीएससी) एवं बीए/बीकॉम/बीसीए (जीई) प्रथम सेमेस्टर नियमित एवं स्वाध्यायी छात्र-छात्राओं की रसायनशास्त्र डीएससी/जीई की प्रायोगिक परीक्षा समय सारणी निम्नानुसार है 16 दिसंबर 2024 को प्रातः 09 बजे से अपराह्न 12 बजे तक 1 बैच मैथ्स ग्रुप एवं 1 बैच बायो ग्रुप । अपराह्न 01 बजे से शाम 04 बजे तक 2 बैच बायो ग्रुप । 17 दिसंबर 2024 प्रातः 09 बजे से अपराह्न 12 बजे । 3 बैच बायो ग्रुप एवं 4 बैच जीई (बीए, बीकॉम, बीसीए के स्टूडेंट) की परीक्षा होगी। इस दौरान सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है । विद्यार्थी आधा घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे ।

## सरकार के एक साल पूरे होने पर विधायक सोनी ने गिनाई प्रदेश सरकार की उपलब्धि

# छग का सुशासन है तरक्की का पैगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर शनिवार को सर्किट हॉउस बलौदाबाजार में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने सरकार की उपलब्धियों और कार्यों की जानकारी मीडिया से साझा की। उन्होंने बताया कि मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन साल भर चलता रहा जिससे खुशहाल छत्तीसगढ़ बना और यह क्रम निरंतर जारी रहेगा।

श्री सोनी ने कहा कि 13 दिसम्बर को हमारी सरकार का पहला साल पूरा हो गया है। हमारा यह पहला साल आप सभी की सहभागिता और विश्वास के साथ विकास के लिए समर्पित रहा। बीते 12 महीनों में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छतीसगढ़ प्रदेश ने विकास के अनेक नये आयाम स्थापित किए हैं। इस एक साल में हमारी सरकार ने प्रदेश के सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम किया और उपलब्धियां हासिल की। हमारी प्राथमिकता में वें लोग रहे जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमने मोदी की अधिकांश गारंटी पूरी की। किसानों से किया वादा पूरा करते हुए 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की रिकार्ड खरीदी की। हमारी सरकार ने अपने वादे के अनुसार किसानों को दो साल का बकाया धान का बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपये का अंतरण भी किया, जिसमें बलौदाबाजार –भाटापारा जिले के कृषक उन्नति योजना अंतर्गत जिले के 1 लाख 56 हजार 713 किसानों को 799 करोड़ 68 लाख रुपये का भुगतान किया गया। महतारी वन्दन योजना अंतर्गत अब तक इस योजना की 10 किश्तों में 6530 करोड़ रूपए अंतरित की जा चुकी हैं, जिसमें बलौदाबाजार– भाटापारा जिले के 3 लाख 29 हजार महिलओं के 279.70 करोड़ रुपये शामिल हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 18 लाख आवास की मंजूरी कैबिनेट से दी ▶▶ शेष पेज 15 पर

### नई उद्योग नीति बनाई

अब बलौदाबाजार को भी रेल से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार ने युवाओं को रोजगार स्वरोजगार से जोड़ने के लिए रोजगारपरक नई उद्योग नीति बनाई है। राज्य में गुड़ गर्नेन्स स्थापित करने के लिए शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों कि रियल टाइम मॉनिटरिंग अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। राज्य में नई शिक्षा नीति लागू करके शिक्षा को रोजगापरक बनाया है।

### फोटो प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की झलकी





**बलौदाबाजार।** राज्य सरकार के 13 दिसम्बर को 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल की थीम पर जनसंपर्क कार्यालय ने कलेक्टोरेट परिसर फोटो प्रदर्शनी एवं आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क प्रकृति परीक्षण का आयोजन किया गया। फोटो प्रदर्शनी में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत जिले में पिछले एक वर्ष में हुए महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं कार्यक्रमों को छायाचित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और मासिक फोटो प्रदर्शनी में पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन, सुशासन के नवीन आयाम आदि पुस्तिकाएं भी अपने साथ ले गए। फोटो प्रदर्शनी में धान तिहार, समर्थन मूल्य एकमुश्त, एक पेड़ मां के नाम, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ तरक्की करता छत्तीसगढ़, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ योजना, जल जीवन मिशन, महतारी वंदन, मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे अन्य योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई है। प्रदर्शनी का शुभारंभ कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा किया गया। उन्होंने प्रदर्शनी का सराहना करते हुए अन्य प्रचार सामग्रियों को गांव गांव तक पहुंचाने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। इसके साथ ही उन्होंने आयुष विभाग द्वारा भारत प्रकृति परीक्षण अभियान में हिस्सा लेते हुए अपना नाम दर्ज कराया गया। साथ ही उन्होंने जिले के सभी आम नागरिकों को अधिक से अधिक आयुष विभाग द्वारा आयोजित प्रकृति परीक्षण में हिस्सा लेने की अपील ▶▶ शेष पेज 15 पर

# नेशनल लोक अदालत में 19 हजार से अधिक प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन एवं अब्दुल जाहिद कुरैशी प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के निर्देशन में जिला न्यायालय बलौदाबाजार एवं तहसील न्यायालय भाटापारा, कसडोल, सिमगा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत में 19 हजार से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया।

नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ कुरैशी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण,विद्युत विभाग के अधिकारी, बैंक के अधिकारी, पैरालीगल वॉलिंटियर, प्रकरणों के पक्षकार उपस्थित थे।

परिवार न्यायालय बलौदाबाजार में पत्नी द्वारा अपने पति से भरण पोषण का प्रकरण तथा विवाह विच्छेद लेने हेतु प्रकरण न्यायालय में पेश किया था। विवाह के 6 माह पश्चात से पति–एवं पत्नी के मध्य विवाद होने लगा पति अपनी पत्नी को मायके में छोड़ देता था जिसके बाद पत्नी के पति से विवाह विच्छेद एवं भरण पोषण के लिए 2 मामले न्यायालय में दर्ज कराये थे।

### निराकृत प्रकरण की संख्यात्मक जानकारी

श्री कुरैशी ने लोक अदालत के खंडपीठ के पीठासीन अधिकारियों से लोक अदालत में निराकृत प्रकरण की संख्यात्मक जानकारी लेते हुए कहा कि पक्षकारों को राजीनामा किये जाने हेतु प्रोत्साहित करते हुए अधिक से अधिक न्यायालयों में लंबित प्रकरण राजीनामा के आधार पर निराकृत किये जाने का प्रयास किया जाए तथा विद्युत विभाग, बैंक , नगर पालिका के पंडाल पर जाकर उन्हें प्री लिटिगेशन के निराकरण में अत्यधिक जोर देते हुए कहा कि बकाया रूपये में पक्षकारों को छुट देकर किश्तों में बकाया राशि की सुविधा प्रदान किया जाए।

### बिखरी गृहस्थी फिर सजी

उपरोक्त दोनों मामलों के लंबित होने के दौरान उभयपक्षों के मध्य सुलह कार्रवाई की गई, जिसके परिणाम स्वरूप दोनों नेशनल लोक अदालत की तिथि में उपस्थित होकर सुलह कराये जाने जाने के परिणाम स्वरूप समझाईश दिये जाने के पश्चात लोक अदालत में पति–पत्नी एक साथ निवास किये जाने का फैसला लिये जाने पर उनके प्रकरणों को राजीनामा के आधार पर समाप्त किया गया।

# 223 पशुओं का किया गया उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



पशु चिकित्सालय खरोरा एवं कबीर परमेश्वर गौशाला फरहदा के संयुक्त तत्वावधान में गोपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम गौ माता की पूजा अर्चना कर गुलाल फूल माला से स्वागत किया गया। इसके पश्चात विभागीय गतिविधियां संपन्न कर पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ शासन पशुधन विकास विभाग के मंशानुरूप एवं संयुक्त संचालक डॉ. एसएल उइके के निर्देशन में गौ पूजन कार्यक्रम में पशु चिकित्सा शिविर में 24 मादा वत्सो को रुसेल्ला का टीकाकरण कर टैगिंग किया गया। नस्ल सुधार में 8 नाटो का बधियाकरण किया गया। 176 पशुओं को कृमिनाशक दवापान एवं परजीवी नाशक दवा का छिड़काव, 5 गर्भ परीक्षण, ▶▶ शेष पेज 15 पर

### घोड़ारी में विविध कार्यक्रम 18 होंगे

**महासमुंद।** ग्राम घोड़ारी में संत जगत बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन 18 दिसंबर को किया गया है। जिसमें दोपहर 3 बजे जय सतनाम पंथी पार्टी घोड़ारी का कार्यक्रम होगा। तत्पश्चात रात्रि 10 बजे से ऑर्केस्ट्रा लोकधारा (सतवन टंडन) का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मीना जोगी निषाद, अध्यक्षता राजकुमार मन्नाडे विशिष्ट अतिथि -गणेशु बघेल, नाथूराम निषाद, सेवक यादव सहित फर्शी ठेकेदार होंगे।

# सीएसआर फंड का उपयोग जिले के विकास में करने के लिए प्रस्तावित का कार्यों का अनुमोदन जरुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- धीमी गति से कार्य करने पर दो संयंत्रों की राशि रोकने के निर्देश



कलेक्टर की अध्यक्षता में शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सीएसआर निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वर्तमान एवं पूर्व वित्तीय वर्षों में सीएसआर मद में प्राप्त राशि एवं संयंत्रों को जारी राशि के विरुद्ध किए गए कार्य व राशि व्यय की समीक्षा की गई। सीएसआर मद की राशि का उपयोग जिले के हित में करने एवं प्रस्तावित कार्यों को शुरू करने से पहले जिला कार्यालय से पूर्व अनुमोदान कराने के निर्देश संयंत्रों के प्रतिनिधियों को दिया गया। ▶▶ शेष पेज 15 पर

## प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ 3 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

# मितानिनों का संविलयन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ ने 3 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला एवं राज्य स्तरीय काम बंद कलम बंद कर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इसमें प्रदेश के सभी मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, ब्लॉक समन्वयक, स्वस्थ पंचायत समन्वयक, एरिया क्वार्डिनेटर एवं हेल्प डेस्क फेसिलेटर शुक्रवार से काम बंद कलम बंद कर आगामी सोमवार को जिला स्तरीय अनिश्चित कालिन धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे। शनिवार को मितानिन संघ द्वारा कसडोल विकासखंड चिकित्सा अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि मितानिन मानसिक एवं आर्थिक शोषण से त्रस्त होकर शासन से 20 वर्षों के अनुभव के आधार पर एनएचएम में संविलयन किए जाने की मांग किए थे, लेकिन शासन द्वारा मितानिनों की मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार नहीं किया जा रहा है, मितानिनों ने शासन से मांग की है कि सभी मितानिनों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविलयन किया जाए। इसके अलावा मितानिन अन्य जैसी संस्था के साथ भी कार्य नहीं करने को कहा गया था, लेकिन मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर अब मितानिनों ने अनिश्चिकालीन हड़ताल का रुख अख्तियार कर लिया है।

### स्वास्थ्य विभाग का कार्य प्रभावित होंग

इधर मितानिन संघ की जिलाध्यक्ष सती वर्मा ने कहा कि सरकार मितानिनों की मांगों पर विचार नहीं कर रही है, इस कारण मितानिन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है, मितानिनों की 3 सूत्रीय मांगों पर सरकार को जल्द निर्णय लेना चाहिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल के बीएमओ डॉ. रविशंकर अजगले ने कहा कि मितानिनों के हड़ताल पर जाने से स्वास्थ्य विभाग का कार्य प्रभावित होंगे। ज्ञापन सौंपा गया है, वरिष्ठ कार्यालय को पत्र भेजा जा रहा है।

### घर से आभूषण समेत नगद रकम की चोरी

**महासमुंद।** बागबाहरा के कपड़ा व्यवसायी के ग्राम अनवपुर स्थित घर से सोने-चांदी के आभूषण समेत नगद रकम की चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि बागबाहरा के कपड़ा व्यवसायी खेमराज पटेल पिता हलधर पटेल का ग्राम अनवपुर में घर है। उसे 12 दिसंबर को उसके छोटे भाई दिलेश्वर पटेल ने फोन कर बताया कि घर में कोई अज्ञात व्यक्ति घर अंदर घुसकर तुम्हारे कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखे सामानों की चोरी कर ली है। प्रार्थी ने इसके बाद गांव जाकर अपने कमरे में देखा तो सामान अस्त व्यस्त बिखरा हुआ पड़ा मिला एवं कमरे में रखे आलमारी का ताला एवं लाकर टूटा हुआ था, जिसमें रखे सामान को चेक करने पर सोने की चेन, सोने का हार, सोने की लाकेट, सोने की बाली, सोने की अंगूठी वजन करीबन 7 तोला कीमत करीबन 1,40,000 रुपए एवं चांदी का आभूषण पायल, बिछिया, चांदी का करधन वजनी करीबन 500 ग्राम कीमत करीबन 10,000 रुपए तथा नगद रकम करीबन 1,50,000 रुपए नहीं थे।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

# खबर संक्षेप



## बौने बंधु समाज कल्याण संघ ने सीएम साय से की भेंट

**रायपुर।** बौने बंधु समाज कल्याण संघ के मुख्य संरक्षक सच्चिदानंद उपासने, संयोजक अरविंद शुक्ल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें भगवान वामन देव की तस्वीर उन्हें भेंट दी। प्रतिनिधिमंडल ने सीएम श्री साय से बौने बंधुओं सहित 14 प्रकार के अन्य शामिल किए गए दिव्यांगजनों, वृद्धजनों, अशक्तों को दी जा रही सामाजिक सुरक्षा की सहायता राशि बढ़ाकर प्रतिमाह एक हजार रुपए किए जाने की मांग की। इस दौरान आलोक श्रीवास्तव, बसंत तारक, संतोष शर्मा, मनीष खुंटे, कुलेश्वर साहू आदि उपस्थित रहे।

## गोंड समाज का परिचय सम्मेलन आज

**रायपुर।** गोंड समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में विवाहयोग्य युवाओं का परिचय सम्मेलन टिकरापारा स्थित गोंडवाना भवन में रविवार को आयोजित है। समिति के सचिव सेवाराम ध्रुव ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि समाज के युवक-युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन रखा गया है, जहां वे अपने मनपसंद जीवनसाथी की तलाश पूरी कर सकेंगे। इसके लिए पूरी तैयारी हो चुकी है। कार्यक्रम रविवार सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक होगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पंजीकरण की व्यवस्था की गई थी।

## पेंशनर्स दिवस का स्थापना दिवस 17 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज का 40वां स्थापना दिवस 17 दिसंबर को वृंदावन हॉल सिविल लाइंस में आयोजित है। इस संबंध में प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि वर्ष 1984 से पेंशनर्स दिवस मनाया जा रहा है। यह 40वां पेंशनर्स दिवस है।

## प्रदेश देवांगन समाज की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ



**रायपुर।** नवगठित प्रदेश देवांगन समाज छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन एवं उनकी कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को दोपहर 1 बजे पचपेड़ीनाका स्थित मॉल में हुआ। कुलदेवी माता परमेश्वरी की पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ के बाद नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन और उनकी कार्यकारिणी को वरिष्ठ संरक्षक कुंजलाल देवांगन ने शपथ दिलाई। डॉ. ओमप्रकाश देवांगन को प्रदेश अध्यक्ष, परस देवांगन को महासचिव एवं कोषाध्यक्ष वेदलाल देवांगन समेत कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। समाज के सीजी पीएससी में चयनीत युवाओं शिवम देवांगन दुर्ग, डिगेश्वर देवांगन, नरेंद्र देवांगन, लकेश्वर देवांगन, सुमित देवांगन, प्रतीक देवांगन, योगेश देवांगन, अजय देवांगन, श्वेता देवांगन, धनेश्वर देवांगन का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

# किस्तों में जारी नहीं होंगे टाइम-टेबल, सीएसवीटीयू ने 3 बार बदली डेटशीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश के इंजीनियरिंग छात्रों के लिए अब से नई व्यवस्था की जा रही है। उनके लिए प्रत्येक सेमेस्टर में पृथक-पृथक रूप से समय-सारिणी जारी किए जाने के स्थान पर एकमुश्त शैक्षणिक कलैंडर जारी किया जाएगा।

इंजीनियरिंग के स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों ही पाठ्यक्रम में परीक्षाएं सेमेस्टर आधार पर होती हैं। इसके लिए समय-सारिणी सेमेस्टर परीक्षाओं से लगभग माहभर पूर्व जारी किए जाते हैं, लेकिन अब शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही पूरे वर्ष होने वाली परीक्षाओं की सूचना विद्यार्थियों को दे दी जाएगी। स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि में मौजूदा शैक्षणिक सत्र से ही यह व्यवस्था लागू की जा रही है।

इससे संबद्ध सभी महाविद्यालयों के छात्रों को यह सुविधा मिलेगी। हालांकि इसमें कई तरह की तकनीकी दिक्कतें भी हैं। उदाहरणस्वरूप कई प्रतियोगी परीक्षाओं की तिथि राष्ट्रीय एजेंसी अथवा राज्य एजेंसी द्वारा कुछ माह पूर्व ही जारी की जाती हैं। वर्षभर पूर्व से कैलेंडर घोषित किए जाने पर तिथियों में टकराव संभावित है। ऐसे में विवि को पुनः समय-सारिणी बदलनी पड़ सकती हैं।



- स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि में बदली गई है व्यवस्था
- अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को अब नहीं होना होगा परेशान

### इसलिए फैसला

अंतिम सेमेस्टर पूर्ण करने पश्चात विद्यार्थी आगे की पढ़ाई अथवा नौकरी के लिए आवेदन करते हैं। सामान्यतः इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में प्लेसमेंट की प्रक्रिया अंतिम अर्थात आठवें सेमेस्टर से पूर्व सातवें सेमेस्टर में ही प्रारंभ हो जाती है। शेड्यूल की जानकारी नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को कई स्तर पर समस्या का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त अंतिम सेमेस्टर में विद्यार्थियों को इंटर्नशिप सहित कई अन्य गतिविधियों में भी शामिल होना पड़ता है। छात्रों को इन सबमें सामन्जस्य बैठाने में दिक्कत ना हो, इसलिए पूरे सत्र का कैलेंडर एक साथ जारी किया जा रहा है।

### छात्र हुए हलाकान

सीएसवीटीयू ने भले ही यह नई व्यवस्था छात्रों की सुविधा के लिए की हो, लेकिन फिलहाल विद्यार्थी इससे परेशान हो गए हैं। दरअसल तकनीकी विवि द्वारा कई बार इसमें संशोधन किया जा चुका है। अब तक तीन बार परीक्षा तिथि बदली जा चुकी है। कुछ दिनों के अंतराल में बार-बार परीक्षा तिथि जारी किए जाने के कारण महाविद्यालय भी परीक्षा संबंधित तैयारियां नहीं कर पा रहे हैं। विवि से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, वार्षिक कैलेंडर पहली बार बनाया जा रहा है। सुधार संबंधित सुझाव आने अथवा किसी तरह की त्रुटि महाविद्यालय अथवा छात्रों द्वारा संज्ञान में लाए जाने के बाद इसमें सुधार कर रहे हैं। इसलिए बार-बार समय-सारिणी जारी करनी पड़ रही है।

## भाठागांव स्थित चारागाह की 63 एकड़ जमीन के मामले में लीपापोती की आशंका

# ऑनलाइन रिकार्ड से चारागाह हटाकर कृषि भूमि दर्ज, वंशावलियों के मांगे जा रहे नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी रायपुर के भाठागांव स्थित चारागाह की 63 एकड़ जमीन के दस्तावेजों में हेराफेरी कर बिल्डर को बेचे जाने के मामले में लीपापोती किए जाने की आशंका बनी हुई है, क्योंकि जमीन को बिल्डर के कब्जे से छुड़ाकर वापस किसानों के नाम पर वापस चढ़ाने करने के लिए जो प्रक्रिया तहसील कार्यालय अपना रहा है, उससे इस मामले में बड़ा पेंच फंसने के आसार हैं।

यह मामला क्षेत्र के तहसीलदार की जगह अब एसडीएम रायपुर देख रहे हैं। भाठागांव के ग्रामीणों ने बताया कि तहसीलदार ने पहले उन्हें आश्वासन दिया था कि जितने किसानों के नाम पर यह जमीन थी, उन सभी के नाम पुनः जोड़े जाएंगे, लेकिन अब एसडीएम द्वारा यह कहा जा रहा है कि रिकार्ड में पूर्व में दर्ज किसानों के वंशावलियों के नाम जोड़े जाएंगे। इसके लिए आवेदन के साथ उन्हें शपथपत्र पेश करना होगा।

### कछुए गति से जारी जांच-सुनवाई

63 एकड़ जमीन के मामले की जांच एसडीएम रायपुर द्वारा की जा रही है। इस मामले में एसडीएम कोर्ट में केस भी लगा हुआ है। सूत्रों के अनुसार इस केस पर सुनवाई पिछले 6 महीने में सिर्फ एक-दो बार ही हो पाई है, जिसके कारण यह मामला अब ठंडे बस्ते में जाते दिखाई दे रहा है, जबकि इस मामले को लेकर पूरा गांव आंदोलन कर चुका है। इस आंदोलन के दौरान गांव में एक दिन व्यापार भी बंद था। ग्रामीणों ने जमीन को बिल्डर के कब्जे से मुक्त कराकर ऑनलाइन रिकार्ड में वापस चारागाह की जमीन दर्ज कर हटाए गए सभी किसानों के नाम वापस जोड़ने जाने की मांग की गई थी। ग्रामीणों के इस आंदोलन के बाद भी इस मामले की जांच व सुनवाई धीमी गति से की जा रही है।

### तहसीलदार-पटवारी की साठगांठ भी उजागर

जिस तरह से जमीन के रिकार्ड में हेराफेरी की गई है, उससे यह साबित होता है कि इसके पीछे तहसीलदार और पटवारी का भी हाथ है, क्योंकि इन दोनों के बिना जमीन के रिकार्ड को बदला जाना मुमकिन नहीं है। हालांकि तहसील में सिर्फ इसी मामले की जांच व सुनवाई की जा रही है कि चारागाह की जमीन कितने किसानों के नाम पर दर्ज थी तथा रिकार्ड में कैसे उन किसानों या उनके वंशावलियों के नाम वापस दर्ज किए जाएं। इस मामले में अब तक संबंधित पटवारी और तहसीलदार से कोई पूछताछ नहीं की गई है कि आखिर रिकार्ड कैसे बदल गए।



फाइल फोटो

*अरबों की जमीन का 6 करोड़ में सौदा*
*स्वामी आत्मानंद बिन्नी बाई सोनकर स्कूल से लगी 63 एकड़ जमीन का सौदा करीब 6 करोड़ में हुआ था, जबकि जमीन की वास्तविक कीमत 3 से 4 अरब बताई जा रही है।*

### जांच-सुनवाई की जा रही

इस मामले की जांच की जा रही है। कोर्ट में केस लगा हुआ है, जिस पर एक-दो सुनवाई हो चुकी है। जांच व सुनवाई पूरी होने तक इस मामले में कुछ भी बता नहीं पाऊंगा।

**- नंदकुमार चौबे,** एसडीएम रायपुर

### 4 किसानों ने दस्तावेजों में हेराफेरी कर कराई थी जमीन अपने नाम

भाठागांव की 63 एकड़ चारागाह की जमीन 173 किसानों के नाम पर दर्ज थी। जमीन के रिकार्ड में सबसे ऊपर चार किसानों के नाम दर्ज थे, वहीं अन्य किसानों के नाम वगैरा करके दर्ज किए गए थे। जिन चार किसानों के नाम ऊपर दर्ज थे, उन सभी ने पैसों के लालच में आकर जमीन के रिकार्ड (दस्तावेजों) में हेराफेरी कर जमीन को अपने नाम पर करा ली थी। इसके बाद सभी ने जमीन का सौदा एक बिल्डर से किया था, जिसके बदले बिल्डर को जमीन की पावर ऑफ अटॉर्नी दी थी। इधर पावर ऑफ अटॉर्नी मिलते ही बिल्डर ने इस जमीन पर काम शुरू कर दिया था, जिसकी जानकारी मिलने के बाद से पूरा गांव इसके विरोध में है।

### दो किसान करा चुके हैं रजिस्ट्री निरस्त

ग्रामीणों के अनुसार जमीन के रिकार्ड में हेराफेरी करने वाले चार किसानों में दो किसानों ने अपने नाम की रजिस्ट्री को पंजीयन कार्यालय से निरस्त करा चुके है। वे दोनों भी जमीन को वापस चारागाह में शामिल कराने गांव का साथ दे रहे है, जबकि अन्य 2 किसानों ने अब तक रजिस्ट्री निरस्त नहीं कराई है।

### 40 किसानों की वंशावली रिकार्ड ढूंढे जा चुके

कीर्तन साहू सहित गांव के अन्य लोगों ने बताया कि अब तक करीब 40 किसानों के वंशावली रिकार्ड ढूंढ लिए गए हैं, जिसके आधार पर उनके वंशजों के शपथ-पत्र बनवाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जैसे-जैसे वंशावली के रिकार्ड मिल रहे हैं, वैसे-वैसे शपथ पत्र भी बनाए जाएंगे। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि जमीन में पूर्व में जिन किसानों के नाम दर्ज थे, उनमें ज्यादातर किसानों की मृत्यु हो चुकी है, वहीं कई गांव छोड़कर दूसरे स्थानों पर चले गए है। इसके कारण उनके परिवार वालों का पता लगाने में दिक्कत आ रही है। ऐसी स्थिति में सभी किसानों के वंशावलियों का नाम जोड़ना आसान नहीं होगा।

# पहली बार कुलपति पद के उम्मीदवार देंगे प्रेजेंटेशन, बताएंगे अब तक क्या-क्या किया?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दिसंबर अंत तक मिल सकता है विवि को नया कुलपति

उद्यानिकी विवि को दिसंबर अंत तक नया कुलपति मिल सकता है, लेकिन इस बार कुलपति पद के दावेदारों को कठिन प्रक्रिया से गुजरना होगा। अंतिम साक्षात्कार और नाम चयन के पूर्व उन्हें प्रेजेंटेशन देना होगा। इसके लिए कुलपति पद के दावेदारों को खत भी लिखा गया है। प्रस्तुतिकरण की तिथि और समय का जिक्र नहीं किया गया है। उम्मीदवारों से कहा गया है कि इसके लिए उन्हें पृथक रूप से खत जारी किया जाएगा, जिसमें समय और तिथि के विषय में बताया जाएगा। उन्हें प्रस्तुतिकरण में बताना होगा कि अब तक अपने अकादमिक कार्यकाल के दौरान उनके द्वारा क्या-क्या कार्य किए गए हैं। इसके अलावा कुलपति के रूप में विश्वविद्यालय को लेकर अपने विजन भी उन्हें साझा करने होंगे। कुलपतियों द्वारा दी जाने वाली प्रस्तुति के बाद तीन नामों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। इन नामों को पैनल के समक्ष भेजा जाएगा। पैनल इनमें से किसी एक नाम पर अंतिम मुहर लगाएगी। गौरतलब है कि कुलपति चयन के लिए गठित कमेटी को 6 सप्ताह का समय दिया गया था। इनमें से 4 सप्ताह गुजर चुके हैं। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले 2 सप्ताह में शेष प्रक्रिया पूर्ण कर कुलपति के नाम की घोषणा कर दी जाएगी।

### 18 आवेदनों में से 3 बाहर के

उद्यानिकी विवि में कुलपति पद के लिए 18 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 3 नाम छत्तीसगढ़ से बाहर के विश्वविद्यालयों में कार्यरत प्राध्यापकों के थे। जबकि शेष 15 नाम छग के स्थानीय निवासियों से प्राप्त हुए थे। आवेदनकर्ताओं में से अधिकतर कृषि विवि के प्राध्यापक हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुलपति की रेस में इंदिरा गांधी कृषि विवि के प्रभारी कुलपति रह चुके प्रो.सेंगर सहित राजेंद्र लाखपाल, प्रो.श्रीवास्तव, अनिल दीक्षित, अजय वर्मा, प्रो.टूटेजा सहित अन्य कई नाम शामिल हैं।

### विवाद के बाद हटाए गए थे पूर्व कुलपति

महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.रामशंकर कुरील को असिस्टेंट प्रोफेसरों की भर्ती में अनियमितता के आरोप में हटाया गया था। इसके बाद रायपुर संभाग के कमिश्नर डॉ.संजय अलंग को प्रभारी कुलपति बनाया गया। बीते सात माह से यहां कुलपति का पद रिक्त है। गौरतलब है कि उद्यानिकी विवि में लगभग तीन दर्जन सहायक प्राध्यापकों की भर्ती की गई थी। यूजीसी के नियमों की अनदेखी कर कम योग्यता वाले उम्मीदवारों का चयन कर लिया गया था, जबकि योग्य उम्मीदवार चयन से वंचित रह गए थे। इसके बाद जांच बैठायी गई थी।

# प्राकृतिक आपदा में डूबने से जिले में सबसे ज्यादा मौतें, आंकड़े भी चिंताजनक


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में प्राकृतिक आपदा में सबसे ज्यादा मौतें पानी में डूबने से हो रही हैं। पिछले करीब 6 वर्षों में नदी, तालाब, नहर, कुंआ, खदान आदि में डूबने से चार सौ से अधिक लोगों की मौत हुई। इस तरह हर साल औसतन 50 से अधिक लोगों की डूबने से आकस्मिक मृत्यु होती है।

प्राकृतिक आपदा में आगजनी से मृत्यु का आंकड़ा दूसरे नंबर पर है। आगजनी व सर्पदंश से भी हर साल औसतन 20 से 25 लोगों की जान जाती है। इसके अलावा बिच्छूदंश, आकाशीय बिजली गिरने, भारी बारिश होने से पेड़ व मकान गिरने, खदान धसकने जैसी आपदा से भी लोगों की आकस्मिक मृत्यु हो रही है। हालांकि डूबने, आगजनी एवं सर्पदंश से होने वाली मृत्यु की तुलना में इनकी संख्या बहुत कम है। आपदा में मृत्यु होने पर मृतकों के परिजनों को आरबीसी 6-4 के तहत 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी जाती है। इस राशि से मृतक के परिजनों को अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने में बड़ी मदद मिलती है।

### 11 माह में बांटी गई राशि

कलेक्टर गौरव सिंह प्राकृतिक आपदा में मृतकों के परिजनों के प्रति सहानुभूति रखते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिए है कि इन प्रकरणों में प्रक्रिया के तहत कार्यवाही जल्द से जल्द करें, ताकि मृतकों के परिजनों को जल्द से जल्द सहायता राशि दी जा सके। कलेक्टर के निर्देश पर पिछले 11 महीने के दौरान 191 प्रकरणों में सहायता राशि को स्वीकृति देकर वितरित की गई है।



- डूबने से हर साल 50 से अधिक मौत
- दूसरे नंबर पर आगजनी व सर्पदंश से 20-25 हो रही मौतें

### सहायता राशि से आर्थिक स्थिति को मिलेगी मजबूती

आरबीसी 6-4 के तहत दी जाने वाली सहायता राशि से मृतकों के परिजनों को अपने परिवार की आर्थिक सुधारने में बड़ी मदद मिलती है, क्योंकि आपदा में जिन लोगों की जानें गई है, उनमें ऐसे कई मृतक थे जिनकी कमाई से ही उनके परिवार का जीवन-यापन निर्भय था। ऐसे में उनकी मृत्यु से परिवार में आय का साधन भी बंद हो गया था। इस सहायता राशि से मृतक के परिवार अब कोई व्यवसाय या अन्य किसी काम में यह राशि लगा पाएंगे, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी।

### 188 प्रकरणों में बांटी गई 7 करोड़ 45 लाख रुपए की सहायता राशि

कलेक्टर गौरव सिंह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत जिले में प्राकृतिक आपदा में मृत्यु होने पर 191 प्रकरणों में सहायता राशि की स्वीकृति देते हुए 7 करोड़ 52 लाख रुपए की राशि मृतकों के परिजनों को बांटी गई है। इन प्रकरणों में आधे से ज्यादा प्रकरण वर्ष 2022 से लेकर 2024 के बीच है, वहीं कुछ-कुछ प्रकरण वर्ष 2014, 2015, 2016, 2018, 2019 एवं 2020 के भी है जो लंबित पड़े थे। कलेक्टर ने सालों से लंबित पड़े इन प्रकरणों में भी मृतकों के परिजनों को सहायता राशि दिलाकर उन्हें बड़ी राहत दी हैं।



## सोसायटी में जगह नहीं, गोठान में खरीद रहे धान

**रायपुर।** सहकारी समिति प्रबंधक अनेक समस्याओं के बावजूद धान खरीदने मजबूर हैं। धान का बफर स्टॉक डबल से भी ज्यादा हो गया है, लेकिन समिति के कर्मचारी, अधिकारियों के दबाव में खरीदी कर रहे हैं। अधिक तौल की शिकायत अभी भी जारी है। सूखत एवं अन्य खर्च सभी अब समितियों की जिम्मेदारी हो गई है, जिसके कारण किसानों से अधिक धान की तौलाई की जा रही है। जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने बताया कि किसानों का धान 40 किलो के स्थान पर 42 किलो तक लिया जा रहा है पूरे खरीदी केंद्रों में धान का भारी स्टॉक होने और जगह के अभाव में गोठान में धान खरीदने मजबूर हुआ। सभी जगह बफर स्टॉक से डबल से भी ज्यादा धान का स्टॉक हो गया है, लेकिन धान का उठाव नहीं हो रहा है। सभी समिति प्रबंधक मजबूर होकर खरीदी कर रहे हैं।

# आईवीएफ ट्रीटमेंट से शिशु जन्म कराने के नाम पर दो निजी अस्पतालों ने की महिला से लाखों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में एक अनोखा प्रकरण आया है, जिसमें एक महिला ने दो निजी अस्पतालों पर आरोप लगाया है कि आईवीएफ ट्रीटमेंट से शिशु जन्म कराने के नाम पर उससे 15 लाख रुपए की ठगी की गई है। इस मामले में आयोग ने दोनों पक्षों की बातें सुनने के बाद निजी अस्पतालों और आवेदिका दोनों को पुख्ता सबूत और दस्तावेज लेकर आगामी सुनवाई में बुलाया है। आयोग इस प्रकरण में पूर्व में भी 2 से 3 बार सुनवाई कर चुका है। इसे देखते हुए आयोग अब आगामी सुनवाई में फैसला सुनाते हुए अंतिम आदेश जारी करेगा।

आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्य सरला कोसरिया, लक्ष्मी वर्मा, ओजस्वी मंडावी एवं दीपिका शोरी ने शुक्रवार को रायपुर स्थित कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान पूर्व में सुनवाई हो चुके एक प्रकरण में सुनवाई की गई। इस प्रकरण में एक महिला ने रायपुर में संचालित दो निजी अस्पतालों के प्रबंधकों पर आरोप लगाया है कि उसे बच्चा नहीं हो रहा था। इसके लिए उसने आईवीएफ ट्रीटमेंट से बच्चा जन्म देने के लिए इन दोनों अस्पताल के प्रमुख डाक्टरों से मिली। दोनों अस्पताल के डाक्टरों ने उन्हें भरोसा दिलाया था कि इस ट्रीटमेंट से उसे बच्चा का सुख जल्द ही मिल जाएगा। महिला ने आयोग को बताया कि वर्ष 2020 में दोनों डाक्टरों के कहने पर 11 भ्रूण प्रत्यारोपण कराया था, जिसमें से 4 भ्रूण प्रत्यारोपण करने के बाद नष्ट हो गए, वहीं 7 भ्रूण सुरक्षित हैं। भ्रूण प्रत्यारोपण व उसे सुरक्षित रखने के लिए महिला डाक्टरों को अब तक 15 लाख रुपए का भुगतान भी कर चुकी है। इसके बाद भी उसे यह तक जानकारी नहीं दी जा रही है कि शेष भ्रूण सुरक्षित हैं या नहीं। इधर इस मामले में आयोग का मानना है कि भ्रूण प्रत्यारोपण करने के लिए पति की सहमति की आड़ पर भ्रूण प्रत्यारोपित नहीं करा रही है, जो उपभोक्ता कानून के तहत क्षतिपूर्ति का मामला प्रतीत होता है। इसमें दोनों अस्पताल के डाक्टरों को आवेदिका को डोनर एक्ट के माध्यम से भ्रूण निर्माण व संरक्षण के सपने दिखाकर इसकी आड़ में लाखों रुपए खर्च कराया है।

आयोग ने आवेदिका को निर्देश दिया कि वह डाक्टरों को फीस के रूप में कितनी राशि, कब-कब भुगतान किया है, उसके दस्तावेज लेकर आए। आयोग ने डाक्टरों को भी शेष भ्रूण सुरक्षित हैं या नहीं इसके सबूत लेकर आए, ताकि इस मामले में वह फैसला सुना सके। इस तरह आगामी सुनवाई में आयोग इस मामले में अंतिम निर्णय लेगा।




- कोविड काल में दोनों अस्पतालों में महिला का किया गया था भ्रूण प्रत्यारोपण
- महिला आयोग ने की प्रकरण में सुनवाई

## निकाय चुनाव आरक्षणः आरक्षण के मार्गदर्शी सिद्धांत में बताई गई प्रक्रिया

# एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षित वार्डों में से एक तिहाई इन वर्गों की महिलाओं के लिए होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जल्द होने वाले नगरीय निकाय चुनाव में इस बार आरक्षण की प्रक्रिया के तहत वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया तय की गई है। अब एसी, एसटी, तथा ओबीसी के लिए आरक्षित वार्डों में से एक तिहाई वार्ड इन वर्ग की महिलाओं के लिए लॉट निकालकर आरक्षित किए जाएंगे। इसमें आरक्षण चक्रानुक्रम के आधार पर होगा।

राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आरक्षण प्रक्रिया के संबंध में राज्य के सभी जिलों के कलेक्टरों को मार्गदर्शी सिद्धांत तैयार कर भेजा। इससे पहले राज्य के कलेक्टरों को उनके जिलों में होने वाले चुनाव के लिए विहित अधिकारी

### नगरीय प्रशासन विभाग ने कलेक्टरों को भेजा निर्देश



नियुक्त किया था। अब कलेक्टरों को बताया गया है कि किस तरीके से वार्डों में आरक्षण की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। निकाय में अनुसूचित जाति, वार्डों की संख्या का निर्धारण उप नियम 1 के तहत किया जाएगा। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वार्डों का आरक्षण जनसंख्या पर आधारित है, जबकि पिछड़ा वर्ग प्रवर्ग आरक्षण लॉट पद्धति से किया जाएगा। सबसे पहले अनुसुचित जाति प्रवर्ग के वार्डों का आरक्षण एवं इसके अनुक्रम में अनुसूचित जाति प्रवर्ग में का आरक्षण एवं इसके अनुक्रम में अनुसूचित जनजाति महिला प्रवर्ग का आरक्षण किया जाएगा।

### वार्ड में एससी एसटी 50 प्रतिशत तो ओबीसी आरक्षण नहीं

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए जहां 50 प्रतिशत से कम स्थान आरक्षित किए गए हों वहां यथा संभव निकटतम रूप से कुल वार्डों की संख्या के 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा के अध्याधीन रहते हुए शेष स्थान अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षित किए जाएंगे। तथा ऐसे वार्ड लॉट द्वारा आवंटित किए जाएंगे। लेकिन एससी एसटी के लिए कुल आरक्षण 50 प्रतिशत या इससे अधिक हो तो अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोई स्थान आरक्षित नहीं होगा।

### एक तिहाई वार्ड महिलाओं के लिए

एससी, एसटी तथा अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षित वार्डों में से एक तिहाई वार्ड यथा स्थिति इन प्रवर्ग की महिलों के लिए लॉट से निकाल कर आरक्षित किए जाएंगे। जिसमें आरक्षण चक्रानुक्रम के आधार पर होगा। एससी,एसटी, ओबीसी के आरक्षण के बाद शेष वार्ड अनारक्षित होंगे। एससी, एसटी तथा ओबीसी वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित वार्डों की संख्या, कुल वार्डों के एक तिहाई भाग से कम होने पर अनारक्षित प्रवर्ग में से चक्रानुक्रम पद्धति से महिला प्रवर्ग का आरक्षण वार्डों की कुल संख्या के एक तिहाई भाग तक सुनिश्चित किया जाएगा।

### चक्रानुक्रम ऐसे होगा तय

नगरीय निकायों के वार्डों के आरक्षण वर्ष 2024 में वार्डों के आरक्षण के दौरान चक्रानुक्रम रीति से आरक्षण की स्थिति निर्मित होने पर वर्ष 2004, 2009, 2014, एवं 2019 में किए गए आरक्षण तो चक्रानुक्रम रीति के लिए आधार माना जाएगा।

# अब तक 50 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। वहीं धान खरीदी व्यवस्था पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। राज्य में धान 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है।

अब तक लगभग 50 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में 10.61 लाख किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 10771 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। धान खरीदी के साथ-साथ मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी शुरू कर दिया गया है। धान उठाव के लिए 3.13 लाख मीट्रिक टन धान के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध 75 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। 13 दिसम्बर को 78442 किसानों से 3.24 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए 93 हजार 160 से अधिक टोकन जारी किए गए थे।

खबर संक्षेप

## नेशनल शूटिंग स्पर्धा के लिए आज से ट्रायल शुरू

**रायपुर।** दिल्ली एवं भोपाल में आयोजित 67वीं नेशनल चैंपियनशिप के लिए शूटर्स का ट्रायल सेशन छत्तीसगढ़ राइफल एसोसिएशन द्वारा 15 से 18 दिसंबर तक शूटिंग रेंज माना में किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ के शूटर्स के क्वालीफाई स्कोर के साथ उनका टीम में चयन किया जाएगा। वे सीधे दिल्ली व भोपाल में होने वाली नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में भाग ले सकेंगे। इस ट्रायल टीम का चयन हर साल नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया एनआरएआई को भेजा जाता है। छत्तीसगढ़ राइफल एसोसिएशन द्वारा चार दिवसीय इस ट्रायल में छत्तीसगढ़ के शूटर्स को आगे बढ़ने का मौका तो मिलेगा ही, साथ ही शूटर्स को ट्रायल से अपनी शूटिंग के स्कोर से काम्पीटिशन की बारीकियों को सीखने का भी मौका मिलेगा।

## व्याख्याता संघ ने प्रमुख सचिव पंचायत को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रांताध्यक्ष राकेश शर्मा और महामंत्री सुरेश अवस्थी के नेतृत्व में प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग निहारिका बारिक से मुलाकात कर कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा। प्राचार्य पदोन्नति के लिए उन्होंने सचिव स्कूल शिक्षा विभाग को कार्यवाही के लिए कहा है। प्रवक्ता जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि सरकारी कर्मचारियों की लंबित समस्याओं एवं मांगों की समीक्षात्मक प्रक्रिया आरंभ करने निहारिका बारिक की अध्यक्षता में गठित कमेटी को प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा और महामंत्री सुरेश अवस्थी ने स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए 14 सूत्रीय मांगपत्र सौपकर निराकरण की मांग की, जिसमें उन्होंने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग में राज्य स्तर पर व्याख्याता, प्राचार्य, उपसंचालक, जिला शिक्षा अधिकारी, संयुक्त संचालक के पदों पर पदोन्नति 8 वर्षों से नहीं होने के कारण प्रभारवाद चल रहा है। प्रदेश के हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्राचार्यों के 3500 से अधिक पद रिक्त हैं, 80 प्रतिशत शालाएं प्राचार्य विहीन हैं। मांग पर प्रमुख सचिव श्रीमती बारिक ने स्कूल शिक्षा सचिव को निर्देशित किया कि वे प्राचार्य पदोन्नति डीपीसी के मामलों को देखें और आवश्यक कार्यवाही करें।

### पुलिस की सख्ती बेअसर इसलिए सभी सर्विस रोड पर अवैध पार्किंग का खेल जारी

# सर्विस रोड पर सवारी-भारी वाहनों की पार्किंग हादसों में हर साल सैकड़ों लोग गंवा रहे जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर को दूसरे शहरों व राज्यों से जोड़ने के लिए बनवाए गए हाईवे और सर्विस रोड का हाल बेहाल है। सवारी गाड़ियों और भारी वाहनों की पार्किंग इन दिनों धड़ल्ले की जा रही है। इनके पास से आने-जाने वाले दोपहिया चालक आए दिन दुर्घटना का शिकार होते हैं। इसके बाद भी सर्विस रोड खाली करवाने में भारी हीला-हवाला किया जा रहा है। इससे सैकड़ों लोग हर साल दुर्घटना में जान भी गंवा रहे हैं।

राजधानी की सड़कों ही नहीं, बल्कि नेशनल हाईवे के पास बनवाए गए सर्विस रोड पर इन दिनों धड़ल्ले से भारी वाहनों की पार्किंग का खेल चल रहा है। इससे भनपुरी से टाटीबंध, लाभाड़ी से टाटीबंध ही नहीं भनपुरी चौक से बिलासपुर हाइवे पर सिलतरा के बीच सर्विस रोड पर पार्किंग देखने को मिलता है। इन मार्गों पर हजारों ट्रक सर्विस रोड पर खड़े किए जाते हैं। इसका खामियाजा आसपास से आने-जाने वालों को भुगतान पड़ता है। पुलिस रिकार्ड के मुताबिक जनवरी से नवंबर के बीच जहां 1894 सड़क हादसे हुए हैं। इनमें 1385 लोग घायल हुए, तो 524 लोगों को जान गंवानी पड़ी।

### एक्सपर्ट व्यू

मुख्य मार्ग या सर्विस रोड पर वाहनों की पार्किंग गैर कानूनी है। गाड़ी खराब होने की स्थिति में भी सिर्फ एक घंटे में हटाने का प्रावधान है। मुख्य मार्ग या सर्विस रोड पर वाहनों की पार्किंग के कारण हादसा या हादसे में मौत की स्थिति में मुआवजे का नियम लागू होता है। अवैध पार्किंग पर 5 से 10 हजार रुपए जुर्माना का प्रावधान है। हादसे में मौत होने से परिवार के लोग ट्रक मालिक पर मुआवजे के लिए क्लेम कर सकते हैं। हाईवे पर खड़े भारी वाहन से दुर्घटना होने पर पीड़ित पक्ष हाईवे अथार्टी को भी पार्टी बना सकते हैं।

**- फैजल रिजवी,** अधिवक्ता, रायपुर

### अवैध पार्किंग पर करते हैं जुर्माना

मुख्य मार्गों, नेशनल हाईवे व इससे सटी सर्विस रोड पर सवारी वाहनों एवं भारी वाहनों की पार्किंग करने वाले 30 हजार से ज्यादा लोगों पर जुर्माना किया गया है। गैरेज व होटल चलाने वालों को भी नोटिस दिया जाता है।

**- गुरजीत सिंह,** डीएसपी, रायपुर

### इस मार्ग पर रोज होते हैं हादसे

पड़ताल में पाया गया कि भनपुरी से टाटीबंध, भनपुरी से सिलतरा चौक के बीच दोनों तरफ की सर्विस रोड पर दर्जनों गैरेज और होटल हैं। आस-पास भारी वाहनों और सवारी गाड़ियों की पार्किंग की जाती है। इन्हें हटाने के लिए पुलिस महकमें ने अभी तक स्थाई समाधान नहीं किया। नतीजा रोज बाइक चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इनके बचाव के नाम पर पुलिस सिर्फ जुर्माना करती है। गैरेज व होटल-ढाबा चलाने वालों पर कार्रवाई नहीं होने से लोगों की जहां सुविधा बाधित होती है, वहीं हादसे में जान से हाथ धोना पड़ रहा है।

### सर्विस रोड पर 191 दुर्घटना

सूत्रों ने बताया कि जनवरी से नवंबर के बीच 191 सड़क हादसे सिर्फ सर्विस रोड पर हुए है। इनमें 73 लोगों की मौत भी हुई। इसके बाद भी पुलिस महकमा इस बीच 30 हजार वाहनों पर नो-पार्किंग में होने पर जुर्माना की कार्रवाई तक ही सीमित है। वहीं रिंग रोड की सर्विस सड़क की सुध तभी लेते हैं, जब कोई बड़ा हादसा होता है। इसका सबसे ज्यादा फायदा सर्विस रोड तक व्यावसाय करने वाले उठा रहे और आम लोगों की सुविधा बाधित हो रही है। ऐसे गैरेज व होटल संचालकों के व्यावसाय को हटाने के लिए पुलिस सक्षम नहीं है।

## भाजपा मंडल और जिलाध्यक्ष चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज

**बलौदाबाजार।** भाजपा संगठन के चुनाव की जारी प्रक्रिया के तहत गुरुवार को जिला भाजपा कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें विधायक, पूर्व विधायक, जनपद एवं नगरपालिका अध्यक्ष, संगठन चुनाव प्रभारी, प्रदेश प्रतिनिधि, जिला के पदाधिकारी, मंडल के वर्तमान पदाधिकारी शामिल थे। बैठक में जिला के सभी 17 मंडल भाटापारा शहर, ग्रामीण, बलौदाबाजार शहर, ग्रामीण, सिमगा, सुहेला, निपनिया, हथबंद, पलारी, संडी, रोहांसी, लवन, कसडोल, बया, टुण्ड्रा, लाहोद के अध्यक्षों हेतु दावेदारों के नाम पर विचार कर समन्वय बनाने का प्रयास किया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले के 15 मंडल में अध्यक्ष पद के लिए एक नाम पर समन्वय बनने के साथ सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है, किंतु बलौदाबाजार शहर तथा ग्रामीण मंडल में अध्यक्ष पद के अनेक दावेदार होने तथा समन्वय समिति के सदस्यों के मध्य भी सर्वसम्मति नहीं बन पाने के चलते पेनल तैयार कर प्रदेश संगठन चुनाव प्रभारी व संगठन मंत्री को भेजा गया है।

■ बलौदाबाजार शहर तथा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष को लेकर घमासान

### बलौदाबाजार शहर व ग्रामीण मंडल में अध्यक्षों के लिए घमासान

जिला में मंडल अध्यक्ष चयन के लिए आहुत बैठक में चयन समिति के सदस्यों के बीच मतभेद होने के कारण किसी एक नाम पर सहमति नहीं बन पाने की जानकारी देते हुए सूत्रों द्वारा बताया गया है कि बलौदाबाजार शहर तथा ग्रामीण मंडल के लिए 4–4 नाम का पेनल प्रदेश संगठन चुनाव प्रभारी व संगठन मंत्री को भेजा गया है। भाजपा संगठन के निर्धारित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 15 दिसंबर को मंडल अध्यक्षों के नाम की घोषणा कर दिये जाने की संभावना व्यक्त की गई है।

## 111 दिव्यांगजन यूडीआईडी के लिए हुए चिन्हित




हरिभूमि न्यू ▶▶| पवनी

सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समाज कल्याण विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ में दिव्यांगजन विशिष्ट पहचान पत्र यूडीआईडी हेतु प्रमाणीकरण एवं दिव्यांगजनों के सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के लिए माह के दूसरे शनिवार सक्षम शनिवार की थीम पर जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा आंकलन शिविर का आयोजन किया गया। समाज कल्याण विभाग सारंगढ़ बिलाईगढ़ के समन्वय में आयोजित शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफआर निराला, उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी, डीपीएम नंदलाल इजारदार, बीएमओ डॉ. आर एल सिदार, डॉ. बीपी साय, कान नाक गला के डॉ. अनूप अग्रवाल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रूपेंद्र साहू, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. डोलेश्वर पटेल, नेत्र सहायक अर्जुन बेहरा, ऑडियोलॉजिस्ट चक्रधर पटेल, कैंप सहायक एम आर महेश की सहभागिता रही। शिविर में उपस्थित 136 दिव्यागजनों में से 111 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी हेतु चिन्हित किया गया। साथ ही जरूरतमंद दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित परामर्श और औषधियों का वितरण किया गया।



## रासेयो छात्राओं ने सुशासन पर सजाई आकर्षक रंगोली

**बगबुड़ा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय –दतान(ख), में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण पर स्वयं सेवकों ने रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें 100 स्वयंसेवकों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन संस्था के प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर, शिक्षक अनुशवर यादव, चन्द्र प्रकाश निर्मलकर, शशि भूषण गायकवाड़, कैलाश साहू, उर्मिला नेताम, ओंकार ध्रुव की उपस्थिति में आयोजित किया गया। पालक समिति के अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर भी उपस्थित थे। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों में छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर छात्र एवं छात्राएं उत्साहित थे। सभी स्वयं सेवकों ने मेहंदी हाथों में बनायी थी। सभी स्वयंसेवक प्रथम थे, लेकिन उनमें से तीन छात्राओं को चुनना था। उनमें से प्रथम स्थान भूमिका यादव, द्वितीय स्थान फाल्गुनी मानिकपुरी, तृतीय स्थान सीमा सोनवानी, मीनाक्षी कोशले रही। उसी तरह रंगोली प्रतियोगिता में रिंकी निषाद, खुशबू वैष्णव, फाल्गुनी मानिकपुरी ने अच्छा प्रदर्शन किया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य चन्द्र कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक ने सभी स्वयं सेवकों को बधाई दी।

## भगवान जगतगुरु है, जो संपूर्ण जगत को शिक्षा प्रदान करते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



नगर में सोनी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिवस भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का सुंदर वर्णन किया गया। कथाकार पंडित दउवा महराज ने कहा कि भगवान भक्तों के वश में रहते हैं वे बाल सखाओं के साथ माखन चोरी कर खाते भी हैं और जगतगुरु के रूप में संपूर्ण जगत को शिक्षा भी प्रदान करते हैं । भगवान श्री कृष्ण बचपन में बड़े ही नटखट थे। भगवान के नटखट स्वभाव के चलते प्रतिदिन यशोदा मैया के पास उनकी शिकायत आती थी। उन्होंने कहा कि एक बार भगवान श्री कृष्ण अपने सखाओं के साथ गाय चराते हुए गोवर्धन पर्वत गए तो देखा कि मैया यशोदा एवं अन्य गोपीकाएं 56 भोग बनाकर नाच गान करते हुए उत्सव मना रही थी। जिसे देखकर भगवान श्री कृष्ण के पूछने पर उन्होंने बताया कि आज के दिन देवों के स्वामी इंद्रदेव की पूजा होती है। इसे इंद्रोज यज्ञ कहते हैं। इससे प्रसन्न होकर इंद्रदेव ब्रज में वर्षा करते हैं, जिससे भरपूर अन्न उत्पन्न होता है। भगवान श्री कृष्ण ने कहा कि इंद्र में क्या शक्ति है उनसे शक्तिशाली तो हमारा गोवर्धन पर्वत है, इन्हीं के कारण वर्षा होती है सभी ने श्री कृष्ण की बात मानकर गोवर्धन पर्वत की पूजा शुरू की, जिस पर इंद्र ने अभिमान पूर्वक गोकुल में घोर बारिश करने लगे पूरे गोकुल में त्रहि त्रहि मच गई। सभी गोकुल वासियों की पुकार सुनकर भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी छिनिका उंगली में उठाकर सभी की रक्षा कर इंद्र के अहंकार को दूर किया। तब से ही गोवर्धन गिरी राज की पूजा प्रारंभ हुई। कथा उपरांत मुख्य जजमान रमेश शीतल सोनी सहित सभी ने मिलकर श्रीमद् भागवत महापुराण की मंगल आरती किए।

■ भागवत कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण बाल लीला की प्रस्तुति सुनाई गई

## कल लगेगा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

ग्राम नगरदा में 16 दिसंबर को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जायेगा। शिविर सुबह 10.30 बजे शुरू होगा, इसमें जिला व ब्लॉक स्तरीय तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा नामांकन, बंटवारा, सीमांकन, आय, जाति, निवास प्रमाण, नक्शा बटांकन, डिजिटल हस्ताक्षर, आरबीसी 6–4 के अधीन जन हानि, पशु हानि, मकान क्षति हेतु आर्थिक सहायता राशि, खसरा, बी-1 में त्रुटि सुधार, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना की मांग, शौचालय की राशि की मांग, सामुदायिक शौचालय की मांग, स्वच्छता समूह हेतु मांग, बैंक ऋण हेतु मांग, आरएफ, सीआईएफ की मांग, एसएचजी शेड, जॉब कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन की मांग एवं संबंधित शिकायत, उपकरण की मांग, निःशक्तजन प्रमाण पत्र के आवेदन लिए जाएंगे।

खाद्य विभाग द्वारा नये राशन कार्ड की मांग, राशन कार्ड में नाम जोड़ना, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड पंजीयन, कृषि विभाग द्वारा केसीसी लोन, प्रधानमंत्री किसान प्रोत्साहन योजना, खाद्य व बीज की मांग, कृषि संयंत्र की मांग, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन राशि की मांग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बोरिंग सुधारने हेतु आवेदन, जल जीवन मिशन के संबंध में मांग और शिकायत, पाईप लाईन विस्तार हेतु मांग, मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालन हेतु पट्टा प्रदाय हेतु, जाल की मांग, मत्स्य बीज की मांग, रोजगार विभाग द्वारा रोजगार पंजीयन, उद्योग विभाग द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना हेतु ऋण प्रदान, लीड बैंक एसबीआई द्वारा बैंक ऋण, नये बैंक खाता खोलने, मुद्रा लोन, बैंकिग सबंधी शिकायत केसीसी, श्रम विभाग द्वारा श्रमिक पंजीयन एवं लाभ हेतु आवेदन पंजीकृत श्रमिकों को राशन कार्ड, अन्त्यावसायी विमाग द्वारा विभागीय लोन एवं सब्सिडी हेतु आवेदन, उद्यानिकी विभाग मिनी किट वितरण, पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं का टीकाकरण, के.सी.सी. लोन, चूजे एवं अन्य पशुओं की मांग, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा का अधिकार (आरटीई), आदिवासी विकास विभाग द्वारा अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन राशि, जल संसाधन विभाग द्वारा भूअर्जन, आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब निर्माण एवं परिवहन की शिकायत, वन विभाग वन अधिकार पट्टा तेंदुपत्ता बोनस, वन्य पशु मुआवजा, लोक निर्माण विभाग द्वारा पुल पुलिया एवं रोड़ निर्माण की मांग, सहकारिता विभाग द्वारा केसीसी लोन की मांग, विद्युत विभाग द्वारा विद्युत कनेक्शन की मांग, ट्रान्सफारमर की मांग, बिजली बिल अधिक की शिकायत, क्रेडा विभाग द्वारा विभागीय योजना, नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा राशन कार्ड की मांग, प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी की मांग के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

## नगर पंचायत का चुनाव लड़ना होगा 75 हजार में, निगम के लिए 5 से 8 लाख तक की लिमिट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में जल्द होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव के लिए प्रत्याशियों द्वारा खर्च की जाने वाली राशि की लिमिट तय कर दी गई है। खास बात ये है कि नगर पंचायत के चुनाव के लिए प्रत्याशी को मात्र 75 हजार रुपयों में चुनाव लड़ना होगा, लेकिन नगर पालिका परिषद के चुनाव के लिए सीमा 2 लाख रुपए रखी गई है। नगर पालिका निगम के लिए यह सीमा 5 से 8 लाख रुपए है। अगर किसी निगम क्षेत्र में तीन लाख से कम जनसंख्या है, तो वहां 5 लाख तथा तीन लाख से अधिक जनसंख्या वाले निगमों के लिए 8 लाख रुपए की लिमिट होगी। बताया गया है कि राज्य सरकार ने राज्य निर्वाचन आयोग के परामर्श के बाद यह लिमिट तय की है।

### चुनाव की तैयारी तेजी पर

राज्य में जल्द होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव के लिए हालांकि तारीख अभी घोषित नहीं की गई है, लेकिन राज्य सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग के स्तर पर तेजी से तैयारी की जा रही है। इस सिलसिले में सबसे पहले तो आरक्षण की प्रक्रिया तय है। निगमों में मेयर और पालिकाओं में अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण संबंधी अधिसूचना जारी कर दी गई है। निकायों के वार्डों में महिलाओं के किस प्रकार आरक्षण दिया जाना है और वार्डों का आरक्षण कैसे होगा, इस संबंध में मार्गदर्शक सिद्धांत जारी कर दिए गए हैं। इसी बीच ये जानकारी भी सामने आई है कि नगरीय निकायों के चुनाव जनवरी में संभावित है।

## भाषा उत्सव पर हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

भारत सरकार ने राष्ट्र कवि सुब्रामणयम भारतीय के जन्म दिवस 11 दिसम्बर को भारतीय भाषा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया, इसमें प्राथमिक शाला चांपा में प्रधानपाठक अराधना वर्मा के मार्गदर्शन में भारतीय भाषा उत्सव मनाया गया। इसमें प्रथम दिवस समुदाय के समक्ष बच्चों से वॉल मैगजीन की शुरुवात कराई गई, जिसमें बच्चों द्वारा अपने आस पास में पाए जाने वाले पेड़ पौधों की पहचान कर चार भाषाओं में उसका नाम जाना गया। दूसरे दिवस डिजिटल तकनीक का उपयोग कर कहानियों का अनुवाद कर बच्चों को सुनाया गया। तीसरे दिवस की गतिविधि में बच्चों द्वारा रचनात्मक लेखन कराया गया, जिसमें बच्चों को स्वरचित लेख लिखने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

उनके द्वारा रचित लेखों को दीवार पत्रिका पर प्रदर्शित किया गया। चौथे दिवस बच्चों के द्वारा जादुई पिटारा के माध्यम से बच्चों को रोल प्ले के लिए मुखौटा निर्माण की तकनीकों को बताया गया। पांचवे दिवस बच्चों को शिक्षकों व समुदाय द्वारा कहानियां सुनायी गई। छठवें दिवस भाषामित्र योजना के माध्यम से बच्चों को मराठी भाषा में भाषा बोली रहन सहन आदि चीजों के बारे में परिचित कराया गया। सातवें व अंतिम दिन बच्चों को अपनी लोक कला व संस्कृति से परिचित कराने के लिए विभिन्न वेशभूषा मे तैयार की गई। शिक्षिका अराधना वर्मा ने बताया की नई शिक्षा नीति 2020 में अपने घर की भाषा व बहु भाषा शिक्षण द्वारा सीखने हेतु जोर दिया गया हैं। भाषा शिक्षण के महत्व को बताते हुए स्टॉफ से कुसुम ब्रम्हाणी, चित्ररेखा साहू, अजय वर्मा ने विभिन्न कार्यक्रम बच्चों के माध्यम से कराया गया।




## पेज 13 के शेष

### छग का सुशासन...

गई और बड़ी राशि जारी की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिले में कुल 45 हजार 713 अवसों को स्वीकृति दी गई है, जिसमें से 42 हजार से अधिक मकान पूर्ण हो चुका है। इसी प्रकार शहरी क्षेत्र में 5 हजार अवसों की स्वीकृति दी गई है, जिसमें से 4 हजार 493 मकान पूर्ण हो गए हैं। हमारी सरकार ने प्रदेश के 68 लाख गरीब परिवारों को पांच साल तक मुफ्त राशन देने की योजना शुरू की। जिले में कुल 49 हजार 517 अंत्योदय, 1643 निराश्रित, 2 लाख 90 हजार 576 प्राथमिकता, 726 निःशक्त, 28 हजार 645 एपीराशन कार्ड जारी की गई है। तेंदूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रूपए मानक बोरा किया गया। जनजातीय क्षेत्रों में सड़क, रेल और हवाई सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री चित्तावर जायसवाल, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सनम जांगड़े, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### फोटो प्रदर्शनी में

की। उक्त शिविर में संयुक्त जिला कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर उप संचालक जनसंपर्क डी एस सिदार, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. गोदावरी पैकरा सहित आयुष एवं जनसंपर्क कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### 223 पशुओंका ...

6 बांझपन उपचार कर 4 पशुओं के लिए दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम में गौशाला प्रभारी कृष्णा यादव एवं डॉ. रश्मि गुप्ता, केआर दीवान, सीएल देवांगन, मनीष साहू एवं विश्वनाथ साहू सहित चरवाहों का योगदान रहा।

### जिले के हित ...

इसके साथ ही नुवोको एवं न्यूविस्टा सीमेंट संयंत्र द्वारा बिना पूर्व अनुमोदन एवं धीमी गति से कार्य करने के कारण कलेक्टर ने आगामी कार्य के लिए राशि जारी नहीं करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि सीएसआर मद की राशि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित गांव में करना है। राशि व्यय एवं कार्य में सभी संयंत्रों को पारदर्शिता बरतनी होगी। उन्होंने संयंत्रों के उत्पादन प्रतिशत के हिसाब

से सीएसआर मद में राशि जमा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वित्तय वर्ष 2024–25 के लिए प्रस्तावित कार्यों का अनुमोदन 25 दिसम्बर तक कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022 –23, एवं 23 –24 में स्वीकृत राशि, व्यय राशि एवं पूर्ण कायोंर् की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उप संचालक खनिज कुंदन कुमार बंजारे, महाप्रबंधक उद्योग एवं व्यापार भुनेश्वरी साहू सहित सीमेंट सयंत्र के सीएसआर प्रभारी उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### शिव मंदिर की विधि विधान से हुई प्राण प्रतिष्ठा

**पलारी।** नगर पलारी के वार्ड नं 11 फत्ते सेन एवं परिवार द्वारा शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई। पं. द्वारा विधि विधान से वैदिक मंत्रोचार के साथ वार्ड में रामधुनी पार्टी के साथ भ्रमण कर भगवान शिव की प्रतिमा मंदिर में विराजमान की गई। इस धार्मिक आयोजन में परिवारजन सहित वार्डवासी शामिल हुए तथा सामूहिक रूप से शिव भगवान की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। विभिन्न कथाकारों द्वारा दिनभर भगवान शिव की कथा का वाचन किया गया।

### भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का आकाश विग ने किया स्वागत



**रायपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के रायपुर प्रवास के दौरान भाजपा के युवा नेता आकाश विग ने उनका स्वागत किया।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**रायपुर।** शासकीय हीरालाल काव्योपाध्याय महाविद्यालय अभनपुर में बुधवार को कालेज प्रबंधन, खंड चिकित्सा अधिकारी एवं एचडीएफसी के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्राध्यापक, कर्मचारियों सहित 32 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर उमेश विश्वास ने कहा कि इसी प्रकार सभी के सहयोग से समय समय पर शिविर आयोजित करते रहेंगे। इस अवसर पर अश्वनी पाण्डेय खंड कार्यक्रम प्रबंधक, मनीषा जाधव, डॉक्टर एस विश्वकर्मा, डॉक्टर नम्रता श्रीवास्तव, वीरेंद्र जांगड़े ने भी कार्यक्रम में भागीदारी निभाई।

### ग्रीन आर्मी जोनल बॉडी का शपथ ग्रहण

**रायपुर।** ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से ग्रीन आर्मी के 15 जोन से जोन प्रभारी, अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ ग्रहण की। विगत माह जोन पदाधिकारियों के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी, विधिवत चयन होने के उपरांत शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शपथ अधिकारी ग्रीन आर्मी संस्थापक अमिताभ दुबे ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। संस्था वर्ष 2025 में कार्य के लिए रोडमैप एवं एजेंडा तैयार कर चुकी है, जिसे नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा पूर्ण किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी संस्था के प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने दी।

**आयोजन : उन्नत किसानों को श्रीफल एवं गुलाल लगाकर किया सम्मानित**

# विधायक पुन्नूलाल ने साय सरकार के एक वर्ष की उपलब्धियां गिनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पवनी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित जनादेश परब कार्यक्रम अंतर्गत जिले में प्रेसवार्ता का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सारंगढ़ में किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री और वर्तमान मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में राज्य सरकार के पिछले एक वर्ष की उपलब्धियों को मीडिया के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक केराबाई मनहर, अजय गोपाल, बैजन्ती लहरे, देवकुमारी लहरे, दीनानाथ खूंटे, कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू आदि मौजूद थे।

प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व मंत्री मोहले ने राज्य में पिछले एक वर्ष में हुए विकास कार्यों और जन–कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने वादों को पूरा करते हुए जनहित में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू किया है। सबसे पहले 18 लाख पीएम आवास स्वीकृत किए गए। यह सरकार पर जनता के भरोसे की बहाली का सबसे पहला कदम है। सुशासन दिवस पर 13 लाख किसानों को दो साल के बकाया धान की बोनस राशि दी। 3100 रुपए प्रति क्विंटल और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की। लाख उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं वितरण प्रणाली में सुधार करते हुए गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क चावल और अन्य खाद्यान्न उपलब्ध कराए गए।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के डिजिटलाइजेशन से पारदर्शिता और लाभार्थियों की सुविधा में सुधार हुआ है। 70 लाख महिलाओं के खाते में महतारी वंदन योजन की अब तक 10 किश्तों में 6 हजार 530 करोड़ रुपए की राशि भेजी जा चुकी है। प्रदेश के श्रद्धालुओं के श्रीरामलला दर्शन के लिए अयोध्या धाम श्रीराम लला दर्शन योजना के तहत अब तक 20 हजार श्रद्धालुओं को दर्शन का लाभ मिल चुका है। तेंदूपत्ता संग्रहण की राशि 4 हजार रूपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर साढ़े 5 हजार की गई है। जनजातीय गौरव दिवस के दिन मुख्यमंत्री ने राज्य के बैगा, गुनिया, सिरहा आदि को पांच–पांच हजार रुपए सम्मान निधि देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। जिले के विकास में तेज गति से कार्य हुए हैं और आने वाले समय में हम विकास की नई ऊंचाइयों को छुएंगे। उन्होंने मीडिया कर्मियों और जिलेवासियों से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ लें और विकास कार्यों में सहयोग दें।



### सरकार के एक साल पूर्ण होने पर गिनाई उपलब्धि



**पलारी।** सहकारी समिति सीतापार मंडी में प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार को कार्यक्रम आयोजित कर सरकार की उपलब्धि गिनाई गई। कार्यक्रम में बताया गया कि किसानों से किये गए वादे पूरा किया। 21 क्विंटल धान खरीदा और धान की कीमत 3100 रूपये की वादा को पूरा किया। महिलाओं को महतारी वंदन योजना में हर महीने एक हजार रूपये उनके खाते में भेजा जा रहा है। वहीं किसान सम्मान निधि सहित सभी योजनाओं को पूरा करते हुये सरकार जनता के उम्मिदो पर खरा उतरी है। इस अवसर प्राधिकृत अधिकारी ओमप्रकाश ठाकुर, मंडी निरक्षण अधिकारी बीके मांडवी, रामेश्वर वर्मा भाजपा, सोशल मीडिया सह –संयोजक कसडोल विधानसभा, बलराम वर्मा, हेमकुमार साहू कंप्यूटर ऑपरेटर, जितेंद्र वर्मा समस्त किसान मौजूद थे।

### फोटो प्रदर्शनी को मिला बेहतर प्रतिसाद

**पवनी।** साय सरकार के सुशासन के एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के 1 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जनसंपर्क कार्यालय द्वारा बस स्टैंड पेट्रोल पंप के पास सारंगढ़ में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को दर्शाती 2 दिन की फोटो प्रदर्शनी का आयोजन 13 और 14 दिसंबर को किया गया। इस प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में लोग फोटो का अवलोकन कर रहे थे, जिसका बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। इस अवसर पर विभाग द्वारा प्रकाशित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं संबंधी पुस्तक, पांम्पलेट इत्यादि का भी निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। विदित हो कि फोटो प्रदर्शनी में शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं महतारी वंदन योजना, नल जल योजना, स्वास्थ्य सुविधाएं जन–जन तक पहुंच रही है, प्रधानमंत्री आवास योजना , रामलला दर्शन योजना, कृषक उन्नति योजना, धान खरीदी का महापर्व, खिलाड़ियों की प्रतिभा को मिलता प्रोत्साहन गौमाता संरक्षण और सम्मान इत्यादि से संबंधित योजना और कार्यक्रम को प्रदर्शित किया गया था। कार्यक्रम के समापन पर वरिष्ठ पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद और मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले प्रदर्शनी स्थल पर पहुंचे, जहां रामकिशोर दुबे, ओमकार केशरवानी, भरत अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

## सुशासन का एक साल पूर्ण होने पर हुई किसान संगोष्ठी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर विभिन्न विभागीय गतिविधियों का आयोजन कर जन सामान्य के मध्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाना है। जिले के सभी विकासखण्डों के चयनित ग्राम पंचायतों में आज कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके तहत विकासखण्ड बलौदाबाजार के बिटकुली, मुण्डा, परसाभदेर, विकासखण्ड–भाटापारा के लेवई, दतरेंगी, टिकुलिया विकासखण्ड–पलारी के कोनारी, विकासखण्ड–कसडोल में कोसमसरा, एवं विकासखण्ड–सिमगा के मनोहरा एवं जनपद पंचायत सिमगा ग्रामों में कृषक संगोष्ठी के माध्यम से नवाचार उन्नत कृषकों को श्रीफल एवं गुलाल लगाकर सम्मानित किया गया। साथ ही वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं बीटीएम, एटीएम व कृषक मित्रों की उपस्थिति में ग्राम पंचायत के प्रतिनिधिगण एवं अन्य उपस्थित सभी कृषकों को विभागीय योजनाएं जैसे– प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आत्मा योजना, स्वायल हेल्थ एण्ड फर्टिलिटी योजना, जैविक खेती मिशन योजना, परम्परागत कृषि विकास योजनाओं की जानकारी के साथ–साथ कृषकों रबी फसलों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दरों पर ऋण वितरण, बीज निगम के माध्यम से उन्नत बीजों का बीज पंजीयन, रबी फसलों में धान के बदले दलहन, तिलहन एवं मक्का उत्पादन, ड्रोन से उर्वरक एवं कीटनाशक का छिड़काव तथा जलसंरक्षण एवं जलप्रबंधन के महत्व से अवगत कराया गया।

## रासेयो छात्राओं की शिविर का नयापारा में हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य सी के नायक के निर्देशन में कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत नयापारा में सात दिवसीय आवासीय शिविर का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के पचास स्वयं सेवक नारा लगाते हुए रवाना हुए। राष्ट्रीय सेवा योजना के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि जनक राम वर्मा ने स्वयंसेवकों को बधाई दी। जिला बलौदा बाजार के सहायक संचालक राकेश शर्मा ने शिविर के दौरान किए गए सेवा कार्य को जीवन में चरितार्थ करने की अपील की। ग्राम पंचायत नयापारा के सरपंच भुनेश्वर वर्मा ने सभी स्वयं सेवकों को यथा संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। पूर्व सरपंच दौलत पाल ने भी स्वयं सेवकों संबोधित किया। प्राचार्य कौशिक त्रिपाठी ने अपनी कविता से स्वयं सेवकों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी ने मंच का संचालन किया। पंच रेखा तिवारी, योगेश्वरी वर्मा, नीता यादव, भागवत वर्मा, विशेषर पाल, अजय कुमार, मनोहर निषाद, सत्यनारायण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के दल नायक चम्मन यादव, उपदल नायिका शिवानी टंडन, अनुशासन प्रभारी चांदनी वर्मा, निधि वर्मा, खुशबू पाल, धनराज सहित 50 स्वयं सेवक भाग ले रहे हैं।

## जिला कराते संघ ने संजीव को बनाया कसडोल ब्लाक प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

विगत 5 वर्षों से जिला कराते संघ बलौदाबाजार-भाटापारा से जुड़े हुए संजीव ध्रुव को उनके बेहतरीन कार्य को देखते हुए कसडोल विकासखंड का प्रभार सौंपा गया। बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं कराटे खेल में उनकी हिस्सेदारी को सुदृढ़ एवं उच्च स्तर तक ले जाने के लिए संघ कार्यकरिणी का गठन किया। उसी तारतम्य में जिला कराते संघ बलौदाबाजार-भाटापारा से मान्यता प्राप्त चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी भाटापारा द्वारा बिंदु पैंकरा एवं लखेश्वर बारिहा को सह प्रभारी नियुक्त किया गया। वे दोनों भी विगत 3 वर्षों से चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा से जुड़े हुए हैं। उपरोक्त सभी को जिला कराते संघ सचिव ऋषभ सिंह चौहान द्वारा कसडोल विकासखंड में प्रमाण पत्र वितरण के पश्चात नियुक्त किया गया। उनकी इस नियुक्ति पर जिला कराते संघ के संरक्षक शिवरतन शर्मा, अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, संयोजक अरुण(बंटी) छाबड़ा, उपाध्यक्ष नंदू साहू, सचिव ऋषभ सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष सुनील यदु, सहसचिव संकेत शुक्ला साथ में चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी के प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान, सचिव नेमीचंद साहू, कोषाध्यक्ष योगेश कुर्रे, सहसचिव हर्ष देवांगन, महेश राजपूत, धनंजय पांडे एवं सदस्यगण विपिन साहू, गौरव साहू, प्रतीक द्विवेदी, यशवंत साहू, मनीष दास, महंत पंकज चंदेल, शिवम तिवारी ने बधाई दी ।

- जिला स्तर पर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए की नियुक्ति



### नगरदा में कल अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर

**पवनी।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा इस वर्ष जिले में 16 दिसंबर को अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन विकास खण्ड बिलाईगढ़ के ग्राम नगरदा में प्रातः 11 बजे से हॉयर सेकण्डरी स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया है। इसमें वर्ण भेद रहित, सामूहिक भोज, सम्भाषण एवं शिक्षाप्रद कार्यक्रम किया जाना है। इस दौरान लोकनृत्य (पंथी दल) का प्रदर्शन भी किया जायेगा, जिसके दलों में से एक दल का चयन भी किया जाना है। इसे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने जिले से भेजा जायेगा। सहायक आयुक्त आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग ने इस कार्यक्रम में पंथी नृत्य दलों को प्रस्तुति देने हेतु आमंत्रित किया है।

## युवा उत्सव में ऊर्जस्वी और दीपिका का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यू ⏭ सारंगढ़-बिलाईगढ़




जिले में आयोजित युवा उत्सव में प्रतिभाओं का जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिला। विभिन्न प्रतियोगिताओं में युवाओं ने अपनी कला और कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया।

इस उत्सव का मुख्य आकर्षण ऊर्जस्वी और दीपिका का शानदार प्रदर्शन रहा, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से सबको प्रभावित किया। ऊर्जस्वी ने अपनी ऊर्जावान प्रस्तुति और सधे हुए कौशल से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया, वहीं दीपिका ने अपनी रचनात्मकता और आत्मविश्वास से लोगों को मुग्ध कर दिया। दोनों ने अपनी–अपनी श्रेणियों में प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। इसके अलावा शुभम देवांगन, कहानी में आलिया अजय, चित्रकला में पूजा राकेश, कविता में यामिनी हस्तशिल्प में लक्ष्मी नीलम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर धर्मेश साहू ने सभी विजेताओं को सम्मानित करते हुए कहा, जिले के युवा इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं और भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकते हैं। इस अवसर पर गोविंद अजय विकास खण्ड क्रीड़ा प्रभारी, रामेश्वर प्रसाद अजय, सहसराम सात्रे प्राचार्य सेजेस बिलाईगढ़, यशपाल यादव, ललित बर्मन,अंकित, राजकुमार जांगड़े,श्रीमती रुसबाई जांगड़े, अजरानी भटपहरी, गरिमा, स्वाति, वैजंती बाला, सविता राठौर, योगिता,इशिता, रेणुका सहित सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं ने बधाई दीं।

## छात्रों ने लगाए विभिन्न पकवानों के स्टाल



**बगबुड़ा।** शासकीय प्राथमिक शाला बगबुड़ा में बस्ता मुक्त शनिवार को बाल मेला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के सामग्रियों का स्टाल लगाया गया। इसमें इडली, आलु नड्डा, समोसा, भजिया, आलू चाट, मूंगफली, टी स्टाल, ब्रेड पकौड़ा, खिलौना बच्चों द्वारा बनाकर सजाया गया, जो आकर्षक लग रहा था। इस बाल मेले में सभी स्कूली बच्चे, शिक्षक एवं पालकों द्वारा खरीददारी की गई। सभी ने मेले में बच्चों द्वारा बनाई गई खाद्य सामग्री का आनंद लिया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक लक्ष्मी कांत पैकरा एवं पालकों ने बच्चों से मेला से संबंधित विभिन्न स्टालों में जाकर जानकारी ली। सभी बच्चों ने अपने उत्साहित होकर अपने – अपने समाग्री के बारे में जानकारी दी। इस आयोजन में प्रधान पाठक सीमा कुर्रे, राजेन्द्र कुमार निर्मलकर, शिव कुमार वर्मा, सुनीता पटेल, कुंजराम पैकरा, बिहारी लाल मिरी का मार्ग दर्शन रहा। इस बाल मेला के आयोजन पर सरपंच शिवप्रसाद पैकरा, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नंद कुमार वर्मा सहित सदस्य एवं पालकों ने सराहना की।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र बेमेतरा जिला के अंतर्गत नांदघाट में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, बेमेतरा
रायपुर रोड चाचा प्रॉपर्टी के पास
मो. 8319154342
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8224868411


राइनोप्लास्टी
नाक को सही (रिशेपिंग) करना
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

Care With Confidence
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
माता-पिता बनने का अनमोल अहसास
- स्त्री एवं पुरूष बांझपन की संपूर्ण जांच एवं इलाज
- नि:संतान दंपत्तियों हेतु आधुनिक पध्दति से उपचार
- अण्डाणु बनने की प्रक्रिया की जांच
- हार्मोनल समस्या का ईलाज (PCOD)
- बढ़ती उम्र की वजह से नि:संतानता का इलाज
- फेलोपियन ट्यूब बंद का इलाज
- ब्लास्टोसिस्ट ट्रांसफर की सुविधा
- बार-बार गर्भपात की जांच एवं सफल इलाज
- गर्भ संस्कार पर आधारित इलाज

संपूर्ण जांच एवं इलाज के लिए विश्वसनीय डॉक्टरों की टीम
97551 62611
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।

CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511


10 जनवरी 2025
मकर संक्रांति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
10 जनवरी 2025
19 फरवरी 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-28,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)